C BHARATHI
GENERAL MANAGER (DIGITAL BANKING)

सी भारती
महाप्रबंधक (डीजिटल बैंकिंग)

**04.02.2021**

सेवा में,

माननीय ग्राहक,

**विषय : इंडियन बैंक में इलाहाबाद बैंक का समामेलन – रीटेल इन्टरनेट बैंकिंग एवं मोबाइल बैंकिंग पंजीकरण प्रक्रिया के संबंध में**

इंडियन बैंक में इलाहाबाद बैंक का समामेलन - खुदरा इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग पंजीकरण प्रक्रिया के संबंध में भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, इंडियन बैंक के साथ इलाहाबाद बैंक के समामेलन की मंजूरी के साथ ही इलाहाबाद बैंक की सभी शाखाओं ने 1 अप्रैल, 2020 से इंडियन बैंक की शाखाओं के रूप में कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। 1 अप्रैल, 2020 से पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के ग्राहकों सहित सभी ग्राहकों का स्वागत करना इंडियन बैंक के लिए सौभाग्य की बात है। पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के ग्राहक इंडियन बैंक के इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग एप्पलिकेशन में उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग कर सकेंगे ।

हमें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के साथ संचालित आपके खातों को इंडियन बैंक के परिवेश में माइग्रेट किया जा रहा है। कृपया ध्यान दें कि पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक की ईएमपावर मोबाइल एप्लीकेशन और इंटरनेट बैंकिंग वेबसाइट दिनांक 12.02.2021 के रात्रि 09:00 बजे से बंद हो जाएगी और आप दिनांक 14.02.2021 के प्रातः 06:00 बजे से इंडियन बैंक के इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन के माध्यम से अपने खातों का उपयोग / संचालन कर सकेंगे।

इंडियन बैंक के ग्राहक इंडियन बैंक एप्लीकेशन की मौजूदा सुविधाओं का लाभ उठाते रहेंगे। पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के ग्राहकों के लिए लॉग-इन प्रक्रिया प्रवाह दस्तावेज़ (इंटरनेट बैंकिंग रीटेल ग्राहक और मोबाइल बैंकिंग के लिए) संलग्न है।

यदि आपका इंडियन बैंक और इलाहाबाद बैंक दोनों में खाता है, तो समामेलन के बाद आपके पास कई ग्राहक सूचना फ़ाइलें (सीआईएफ) हो सकती हैं। इंटरनेट बैंकिंग में इलाहाबाद बैंक और इंडियन बैंक के खातों का उपयोग करने के लिए, आपको सीआईएफ की एकरूपता के लिए अपनी घरेलू शाखा से संपर्क करना पडेगा। 14.02.2021 को और उसके बाद लॉगिन प्रक्रिया के दौरान आने वाली किसी भी समस्या के लिए आप टोल फ्री नंबर 1800-425-00000 और निकटतम इंडियन बैंक शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

हम आपके सहयोग की कामना करते हैं। हम आने वाले वर्षों में इंडियन बैंक के इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोगों में उन्नत सुविधाओं के साथ आपकी बेहतर सेवा प्रदान करते रहेंगे।

**महाप्रबंधक (डिजिटल बैंकिंग)**

अपना पासवर्ड, पिन, ओटीपी, सीवीवी इत्यादि किसी के भी साथ ऑनलाइन या फोन पर साझा न करें।

कॉर्पोरेट कार्यालय, 254-260, अव्वै षणमुगम सालै, रायपेट्टा, चेन्नै 600014
Corporate Office, 254-260, Avvai Shanmugam Salai, Royapettah, Chennai 600014
दूरभाष Tel: 044-28134563 फैक्स Fax: 044-28134055
ईमेल Email: bharathi.chelliah@indianbank.co.in वेब Web: www.indianbank.in

C BHARATHI
GENERAL MANAGER (DIGITAL BANKING)

सी भारती
महाप्रबंधक (डीजिटल बैंकिंग)

**अनुलग्नक**

**इन्टरनेट बैंकिंग – रीटेल यूजर :**

1. इंडियन बैंक इंटरनेट बैंकिंग यूआरएल (https://www.indianbank.net.in) में लॉगिन करें।
2. प्रथम लॉगिन के समय आप पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के आपके मौजूदा यूजर आईडी एवं लॉगिन पासवर्ड का उपयोग करेंगे। यदि आप यूजर आईडी से लॉगिन नहीं कर पाते हैं तो यूजर आईडी के स्थान पर अपना सीआईएफ़ नंबर (जोकि आपकी पासबुक / पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक की मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन एमपावर की एम-पासबुक में उल्लिखित है) प्रविष्ट करें।
3. लॉगिन करने के बाद आपके लॉगिन व ट्रांजेक्शन पासवर्ड को बदलने के लिए कहा जाएगा। यह कदम आपकी इंटरनेट बैंकिंग सुविधा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया जा रहा है।
4. आपसे जुड़े सभी मौजूदा लाभार्थियों को आप फंड ट्रांसफर कर पाएंगे।
5. कृपया नोट करें कि आपके द्वारा किए जाने वाले फंड ट्रांसफर की सीमा 10,00,000/- रुपए ही रहेगी।
6. यदि आप स्वयं को पंजीकृत नहीं कर पा रहे हैं, तब टोल फ्री नंबर (1800-425-00000) पर या आपकी होम ब्रांच या आपके पास की शाखा से संपर्क करें।

**मोबाईल बैंकिंग (इंड ओएसिस)** :

1. गूगल प्ले स्टोर (एंड्रोइड डिवाइस) या एप स्टोर (आईओएस डिवाइस) से IndOASIS (इंडियन बैंक मोबाइल बैंकिंग एप) डाउनलोड करें एवं पंजीकरण करने व इसे सक्रिय करने के लिए आगे बढ़ें।
2. आपका सीआईएफ़ नंबर (जोकि आपकी पासबुक / पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक की मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन एमपावर की एम-पासबुक में उल्लिखित है) प्रविष्ट करें। पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान, आपको वाई-फाई को अक्षम करना होगा और केवल डेटा कनेक्शन का उपयोग करना होगा।
3. आपके सिम (SIM) (पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक में पंजीकृत मोबाइल नंबर) का चयन करें। आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर से एक साइलेंट एसएमएस भेजा जाएगा। आपके मौजूदा इंटरनेट बैंकिंग, एमपिन या एटीएम कार्ड विवरण का उपयोग करते हुए पंजीकरण जारी रखें। अपना नया एमपिन एवं एमटीपिन सेट करें। यदि आप पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक के मौजूदा एमपिन से पंजीकरण कर रहे हैं तो आपको केवल एमटीपिन बदलना होगा।
4. आपसे जुड़े सभी मौजूदा लाभार्थियों को आप फंड ट्रांसफर कर पाएंगे।
5. यदि आप स्वयं को पंजीकृत नहीं कर पा रहे हैं, तब टोल फ्री नंबर (1800-425-00000) पर या आपकी होम ब्रांच या आपके पास की शाखा से संपर्क करें।

अपना पासवर्ड, पिन, ओटीपी, सीवीवी इत्यादि किसी के भी साथ ऑनलाइन या फोन पर साझा न करें।



इंडियन बैंक / INDIAN BANK
कॉ.का. / C.O.
डी बी डी / DBD
चेन्नै / CHENNAI - 600 001